केआरटी का रीट आईपीओ पांच अगस्त को खुलेगा

एजेंसी ■ मुंबई

रियल एस्टेट कंपनी सत्व ग्रुप और ब्लैकस्टोन द्वारा प्रायोजित नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट (केआरटी) ने बुधवार को अपने 4,800 करोड़ रुपए के रीट आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 95-100 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। केआरटी ने बयान में कहा कि यह निर्गम पांच अगस्त को खुलकर सात अगस्त को बंद होगा। इस आईपीओ में केआरटी द्वारा 4,800 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। केआरटी ने आईपीओ लाने और रीट को शेयर बाजारों पर सूचीबद्ध करने के लिए मार्च की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेजों का मसौदा (डीआरएचपी) दाखिल किया था। यह प्रमुख शहरों में स्थित उसकी 30 प्रमुख कार्यालय संपत्तियों से धन जुटाने की रणनीति का हिस्सा है। शुरुआत में, कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम के जरिए कुल 6,200 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई थी। पिछले महीने, इसने निवेशकों से1,400 करोड़ रुपए जुटाए। इसके बाद निर्गम का आकार घटाकर 4,800 करोड़ रुपए कर दिया गया है। केआरटी सकल परिसंपत्ति मूल्य (लगभग 62,000 करोड़ रुपए) के हिसाब से देश का सबसे बड़ा रीट बनने के लिए तैयार है। पिछले वित्त वर्ष में इसकी शुद्ध परिचालन आय 3,432 करोड़ रुपए रही थी। केआरटी के पास छह शहरों, मुख्यतः मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद में 29 संपत्तियों में 4.6 करोड़ वर्ग फुट से अधिक कार्यालय संपत्तियां हैं।